**हादसा** | त्रिलोचन सिंह अकेले महुआ संग्रह कर रहा था, अचानक पहुंचा हाथी

# हाथी के हमले में महुआ बीन रहे वृद्ध की मौत

**अनूपपुर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल अंतर्गत एक दर्दनाक घटना में जंगली हाथी के हमले से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे डडिंया गांव के समीप जंगल में हुई, जहां 55 वर्षीय त्रिलोचन सिंह पिता अंगद सिंह महुआ बीनने गए थे।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पोंडी के डडिंया जंगल में त्रिलोचन सिंह अकेले महुआ संग्रह कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक अकेला दो दांत वाला नर हाथी वहां पहुंचा और उन पर हमला कर दिया। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय हैं हाथी

बताया जा रहा है कि यह हाथी पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय है। 1 अप्रैल को यह कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र से निकला था। 2 अप्रैल की सुबह यह मरवाही वन मंडल के गुल्लीदांड बीट अंतर्गत मालाकोट के जंगल में रुका और शाम होते-होते कुम्हारी रोड पार कर सोन नदी बांध के पास से होते हुए घुसरिया, पथर्री और घिनौची क्षेत्र से गुजरते हुए डडिंया पहुंचा।

### गांवों में दहशत का माहौल

वर्तमान में यह हाथी शिवनी बीट के कक्ष क्रमांक 2093 के आसपास जंगल में ही ठहरा हुआ है, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम, बीट शिवनी के वनरक्षक शाहिद खान, ग्राम पंचायत पोंडी के सरपंच हेमचंद मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। साथ ही पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

### इससे पूर्व भी हाथियों का विचरण हुआ था

गौरतलब है कि यह क्षेत्र मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील थाना एवं वन परिक्षेत्र की सीमा से मात्र 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे सीमावर्ती गांवों में भी भय का वातावरण है। जानकारी के अनुसार उक्त हाथी पूर्व में अपने तीन साथियों के साथ अनूपपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों कोतमा वन परिक्षेत्र के पडौंर, चुकान, आमाडांड, मलगा और टांकी में विचरण कर चुका है।

### ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की सलाह

वन विभाग ने घटना के बाद ग्रामीणों को सख्त चेतावनी जारी करते हुए दिन एवं रात के समय जंगल में महुआ बीनने, लकड़ी काटने या अन्य कार्यों के लिए नहीं जाने की अपील की है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।



# गुड फ्राइडे पर की गई विशेष प्रार्थना

**यीशु के बलिदान को किया याद, गिरजाघरों में मनाया गया शोक दिवस**

**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** गुड फ्राइडे के अवसर पर जिले के ईसाई समुदाय ने श्रद्धा और आस्था के साथ शोक दिवस मनाया। इस दौरान विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने जीसस क्राइस्टा के बलिदान को याद किया।

चर्चों में पारंपरिक रूप से घंटियां नहीं बजाई गईं, बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाकर शोक व्यक्त किया गया। श्रद्धालुओं ने चर्च में एकत्र होकर क्रॉस को चूमा और यीशु को स्मरण करते हुए दान-पुण्य किया। कई लोगों ने इस दिन उपवास रखकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। ईसाई धर्म में गुड फ्राइडे और इसके बाद आने वाला ईस्टर पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना बलिदान दिया, इसलिए इस दिन को गुड यानी पवित्र और महान कहा जाता है।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रार्थना सभा में पास्टर दीपक दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसटी रावलकर, एनोस, अमिता रावलकर, आमोस, रुथ रावलकर, रिचर्ड रेगी राव, जॉन रावलकर, हनोक लाल, विलियम रावलकर, योना रावलकर, चांद भिसे, विमला मसीहा, स्मिता राव, अरुणिमा लाल, राजेश भिसे, राजेश्वरी भिसे, विजय रावलकर, प्रार्थना रावलकर, स्तुति, आराधना, अर्निका लाल, आकांक्षा लाल, ऐश्वर्या, इशिता, शेरोन, अभिलाषा, सृष्टि दास, हर्ष लाल, इमैनुएल लाल, अभिराज डेविड, जेनेट वाकर, सुलोचना, शांता, मुस्कान सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

# जागृति महिला समिति ने लगाया नि :शुल्क प्याऊ

**पशु-पक्षियों सहित जनसेवा का अनूठा अभियान**

**राजनगर, नवभारत 3 अप्रैल।** भीषण गर्मी के बीच हसदेव क्षेत्र में जागृति महिला समिति एईसीएल द्वारा मानवता और सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। समिति की ओर से खोंगापानी एवं लेदरी बस स्टैंड के पास दो नि:शुल्क प्याऊ सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें राहगीरों को शीतल जल के साथ पोषणयुक्त सामग्री वितरित की गई।

इस सेवा अभियान के अंतर्गत सत्तू, गुड़-चना, अमूल छाछ और मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूज, केला, सेब एवं नाशपाती का नि:शुल्क वितरण किया गया। गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस प्रयास को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि समिति ने मूक पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की टंकियों (नाद) की व्यवस्था कर संवेदनशीलता का परिचय दिया।



### सेवा कार्य को दिया अभियान का रूप

इस पहल ने यह संदेश दिया कि सेवा केवल मानव तक सीमित नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति करुणा आवश्यक है। यह संपूर्ण आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में समिति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस सेवा कार्य को एक अभियान का रूप दिया। इस कार्य की प्रेरणा एसईसीएल मुख्यालय से श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन से मिली।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका दस्तयाब

**अनूपपुर, नवभारत।** अमरकंटक थाना क्षेत्र में गुम हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने कड़ी मेहनत और सतत प्रयासों के बाद सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट 11 सितंबर को थाना अमरकंटक में दर्ज कराई गई थी। मामला नाबालिग के अपहरण से संबंधित होने पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार बालिका की तलाश में जुटी रही। इसी क्रम में 2 अप्रैल को ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत अमरकंटक पुलिस को सफलता मिली और अपहृता बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। बाद में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# चचाई में बिजली कर्मचारियों का प्रांतव्यापी धरना शुरू




**11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** मध्यप्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेशभर में आयोजित धरना-प्रदर्शन के तहत चचाई स्थित थर्मल पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर सैकड़ों कर्मचारियों ने एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया।

सुबह 11 बजे शुरू हुए इस धरने में कर्मचारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार और प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरने में भामसं के अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत प्रभारी आरएस जायसवाल और अखिल भारतीय विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन विशेष रूप से शामिल हुए।

### ग्रेच्युटी राशि बढ़ाने की मांग


कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का निराकरण, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेकेदारों के शोषण से मुक्ति दिलाना तथा हरियाणा और उत्तर प्रदेश मॉडल के आधार पर स्वतंत्र निगम बनाकर वेतन भुगतान की व्यवस्था लागू करना शामिल है। इसके अलावा ग्रेच्युटी राशि को केंद्र के अनुरूप 25 लाख रुपए तक बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

### न्यूनतम वेतन का प्रावधान किया जाए

सभा को संबोधित करते हुए आरएस जायसवाल ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए श्रम कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, लेकिन कई बिंदुओं पर संशोधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन, नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य सुरक्षा और ओवरटाइम भुगतान जैसे प्रावधान जरूरी हैं।

## एक नजर में

### डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की जयंती 14 को मनाई जाएगी




**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय संविधान के निर्माता और महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल मंगलवार को जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मध्य प्रदेश अजाक्स संघ जिला इकाई अनूपपुर के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुन्देलाल सिंह मार्को शामिल होंगे, जबकि अध्यक्षता प्रीति रमेश सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में रामलाल रौतेल, सुनील सराफ, पार्वती वाल्मीकि राठौर, डी.एस. राव और रमेश सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार बाबा साहब अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज को समानता, न्याय और प्रगति का मार्ग भी दिखाया। उनके विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा बने हुए हैं।

### लखन लाल ने संभाला प्रभारी सीएमओ का कार्यभार



**अनूपपुर, नवभारत।** नगर परिषद बनगवां राजनगर में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से अहम निर्णय लिया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल के आदेश के तहत लखन लाल पनिका को प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। यह निर्णय वर्तमान सीएमओ राममिलन तिवारी के स्वास्थ्य खराब होने के कारण लिया गया, ताकि नगर परिषद के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। लखन लाल पनिका जो वर्तमान में नगर पालिका परिषद बिजुरी में राजस्व उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं को अतिरिक्त प्रभार के रूप में यह जिम्मेदारी दी गई है। पनिका ने 2 अप्रैल को कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने संकेत दिए कि नगर विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का दौरा कल



**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया 4 अप्रैल शनिवार को अनूपपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने बताया कि उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री घनघोरिया अमलाई से जिले में काफिले के साथ प्रवेश करेंगे, जहां से लेकर कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर तक उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### अनूपपुर में 15 से शुरू होगा गेहूं उपार्जन

**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों से गेहूं खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 6 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें दुलहरा समिति के लिए मां शारदा वेयरहाउस बीओटी 2 बरबसपुर, पटनाकला समिति के लिए कृषि उपज मंडी अनूपपुर, मझगवां (फुनगा) समिति के लिए शारदा फूड प्रोसेसिंग बीओटी बी गोदाम पयारी, धनगवां समिति के लिए सिंह वेयरहाउस छातापटपर, बिजुरी समिति के लिए बतूल वेयरहाउस कोतमा तथा राजेंद्रग्राम समिति के लिए एमपीडब्यूके एलसी गोदाम राजेंद्रग्राम शामिल हैं।

# जैतहरी स्टेशन के उन्नयन की मांग ने पकड़ी रफ्तार

**अनिल गुप्ता ने केंद्र सरकार और रेलवे के शीर्ष अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**



**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** जिले के महत्वपूर्ण जैतहरी रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर अब प्रयास तेज हो गए हैं। पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अनिल कुमार गुप्ता ने स्टेशन के उन्नयन की मांग को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाते हुए केंद्र सरकार और रेलवे के शीर्ष अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद को पत्र लिखकर जैतहरी रेलवे स्टेशन को वर्तमान एनएसजी -6 (ई) श्रेणी से उच्च श्रेणी में शामिल करने की मांग की है। इस समन्वित पहल को क्षेत्र में एक गंभीर और रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### जैतहरी अब आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बना

अपने पत्र में गुप्ता ने कहा कि बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर स्थित जैतहरी स्टेशन को एनएसजी-6 श्रेणी में रखा गया है, जो आमतौर पर कम यात्री संख्या और सीमित सुविधाओं वाले स्टेशनों के लिए होती है। उन्होंने इसे वास्तविक स्थिति के विपरीत बताते हुए कहा कि स्टेशन का उपयोग और महत्व इससे कहीं अधिक है। गुप्ता ने बताया कि जैतहरी अब केवल एक स्टेशन नहीं, बल्कि प्रशासनिक और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

### स्टेशन में नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं

हालांकि स्टेशन पर वर्तमान में सात जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है, लेकिन प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं।

# पुलिस ने 4 मवेशी और पिकअप किया जब्त

**अवैध पशु तस्करी पर जारी है सख्त कार्रवाई**

**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से पशु तस्करी कर रहे तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार मवेशियों को मुक्त कराया और एक पिकअप वाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार 31 मार्च की रात भालूमाड़ा पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में भैंस एवं पड़वा को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में तीन पड़वा एवं एक भैंस को रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से लोड किया गया था।



### फरार चालक की तलाश जारी

पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से सभी मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराते हुए पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। जब्त सामग्री में एक बिना नंबर की पिकअप वाहन एवं चार मवेशी शामिल हैं।

# प्रीतपाल ने पेश किया श्रद्धा व साधना का अद्भुत उदाहरण

**अनूपपुर, नवभारत 3 अप्रैल।** जिले की प्रमुख धार्मिक नगरी अमरकंटक में शुक्रवार को एक अनोखी और प्रेरणादायक नर्मदा परिक्रमा यात्रा देखने को मिली। महाराष्ट्र के पुणे निवासी 40 वर्षीय प्रीतपाल मां नर्मदा की भक्ति में लीन होकर सिर पर काष्ठ से निर्मित मंदिर रखकर पैदल यात्रा करते हुए ओंकारेश्वर से अमरकंटक पहुंचे।

प्रीतपाल अपने साथ एक विशेष मंदिर में ब्रह्मा, विष्णु और महेश के साथ मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित कर यात्रा कर रहे हैं। दैनिक उपयोग की सामग्री पीठ पर बैग में रखकर वे हठयोग और कठिन तपस्या के साथ अपनी पदयात्रा जारी रखे हुए हैं। लगभग चार माह की कठिन यात्रा के बाद प्रीतपाल अमरकंटक स्थित माई की बगिया पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन, आरती एवं तट-जल परिवर्तन की प्रक्रिया पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने मां नर्मदा के दक्षिण तट से अपनी आगे की यात्रा पुन: प्रारंभ कर दी।



**भ्रष्टाचार** | सीएम हेल्पलाइन का उड़ा मखौल, ग्राम पंचायत पायरी नंबर 1 के गबन में पीसीओ की फर्जी रिपोर्ट, कटघरे में जनपद सीईओ

# पीसीओ व सीईओ की कार्यप्रणाली ने सुशासन के दावों की उड़ाई धज्जियां

**जमुना कोतमा नवभारत 3 अप्रैल।** क्या मध्य प्रदेश सरकार की 'सीएम हेल्पलाइन' (181) अब केवल फाइलों का पेट भरने और भ्रष्ट तंत्र को 'क्लीन चिट' देने वाली मशीन बनकर रह गई है? जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पायरी क्रमांक 1 में सचिव के कथित मनमाने भ्रष्टाचार और उस पर लीपापोती करने वाले अधिकारियों के गठजोड़ ने इसी ओर इशारा किया है। सीएम हेल्पलाइन शिकायत (क्रमांक: 37380134) पर जांच अधिकारी (पीसीओ) यूजीन टोप्पो और जनपद सीईओ रवि ग्वाल की कार्यप्रणाली ने सुशासन के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं।




### तानाशाही, नियमों का कत्ल और कथित गबन का खुला खेल

शिकायतकर्ता के गंभीर आरोपों के अनुसार, पंचायत सचिव नीक राम केवट ने पूरी त्रि-स्तरीय व्यवस्था को अपनी बपौती बना लिया है। मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत नियम, 1994 के तहत अनिवार्य स्थायी समितियों की बैठकों का कोई अता-पता नहीं है। पंचों के वैधानिक अधिकारों को कुचलते हुए, सचिव पर कथित तौर पर अपनी मर्जी से 'पंचायत दर्पण पोर्टल' पर बिल लगाकर, बिना भौतिक सत्यापन के ही शासकीय राशि निकालने के गंभीर आरोप हैं।

### जांच के नाम पर पीसीओ का 'सफेद झूठ' और कागजी लीपापोती

मामले को दबाने के लिए पुरानी तारीखों में फर्जी प्रस्ताव और जाली हस्ताक्षर करने की प्रबल आशंका भी जताई गई है। इस कथित महाघोटाले की शिकायत (क्र. 37380134) जब सीएम हेल्पलाइन में पहुंची, तो जांच अधिकारी पीसीओ यूजीन टोप्पो ने सच्चाई सामने लाने के बजाय, टेबल पर बैठकर 'सफेद झूठ' की पटकथा लिख दी। पोर्टल पर पूरी बेशर्मी से जांच अधिकारी द्वारा यह भ्रामक प्रतिवेदन दर्ज कर दिया गया।

### शिकायतकर्ता के नाम से किसी दूसरे व्यक्ति ने की शिकायत

पीसीओ यूजीन टोप्पो से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार शिकायत में जिस नाम से शिकायत की गई है उनके द्वारा कोई भी शिकायत नहीं की गई है। शिकायतकर्ता के नाम से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गलत मोबाइल नम्बर का प्रयोग करते हुए उक्त शिकायत सीपी ग्राम में किसी के माध्यम से की गई है। शिकायत में दर्ज मोबाइल नम्बर बन्द है। कृपया शिकायत बन्द करने का कष्ट करें। जबकि हकीकत में शिकायतकर्ता का नंबर पूरी तरह से चालू है। यह स्पष्ट करता है कि पीसीओ यूजीन टोप्पो ने न तो मौके पर जाने की जहमत उठाई और न ही सच्चाई जानने की कोशिश की।

### क्या जनपद सीईओ रवि ग्वाल बन गए हैं 'मूकदर्शक'?

इस पूरे कथित फर्जीवाड़े में जनपद पंचायत के ष्टश्वह्र श्री रवि ग्वाल की भूमिका सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है। जनता के टैक्स से वेतन पाने वाले एक जिम्मेदार अधिकारी ने पीसीओ यूजीन टोप्पो की इस 'फर्जी रिपोर्ट' को बिना क्रॉस-चेक किए आंख मूंदकर आगे कैसे बढ़ा दिया?

क्या सीईओ के पास इतना भी समय नहीं था कि वे उस कथित 'बंद नंबर' पर एक कॉल लगाकर सच्चाई परख लेते?

### आरोपी सचिव को बचाने की साजिश

क्या बिना उच्चाधिकारियों की मौन स्वीकृति या संरक्षण के कोई पीसीओ इतनी बड़ी भ्रामक रिपोर्ट शासन के पोर्टल पर डालने की हिम्मत कर सकता है? स्थानीय लोगों में चर्चा है कि सीईओ रवि ग्वाल की यह 'चुप्पी' और बिना सत्यापन रिपोर्ट को स्वीकार करना, कहीं न कहीं आरोपी सचिव को बचाने की कथित साजिश का ही हिस्सा प्रतीत होता है।

### क्या बंद कर देनी चाहिए सीएम हेल्पलाइन?

जनता का सीधा सवाल है कि यदि वातानुकूलित कमरों में बैठकर, 'बंद नंबर' का बहाना बनाकर शिकायतों को रफा-दफा ही करना है, तो सरकार को इस 'सीएम हेल्पलाइन' का तमाशा तत्काल बंद कर देना चाहिए। अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि जिला प्रशासन और कलेक्टर तत्काल प्रभाव से पंचायत सचिव को निलंबित कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें।